जनपद हमीरपुर

थाना बिवांर **दिनांक 23.06.2026**

थाना बिवांर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का खुलासा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 101/2026 धारा 305(ए) बीएनएस व मु0अ0सं0 120/2026 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन के बरामदगी के सम्बन्ध में।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अवगत कराना है कि दिनांक 24.05.2026 को वादी बरातीलाल पुत्र स्व. दयाराम श्रीवास, निवासी ग्राम जल्ला, थाना बिवांर, जनपद हमीरपुर द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध दिनांक 23/24.05.2026 की रात्रि में उनके घर से 09 बकरियां चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिवांर पर मु0अ0सं0 101/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

इसी क्रम में दिनांक 20.06.2026 को वादी अजय पाल पुत्र पंचा कुशवाहा, निवासी ग्राम बिगहना, थाना बिवांर, जनपद हमीरपुर द्वारा 03 बकरियां चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 120/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस कार्यवाही-

दोनों घटनाओं के सफल अनावरण हेतु थाना बिवांर पुलिस द्वारा घटनास्थलों का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन परीक्षण किया गया तथा अन्य साक्ष्यों एवं सुरागरसी के आधार पर अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 22.06.2026 को थाना बिवांर पुलिस टीम द्वारा ग्राम विभूनी के पास से उपरोक्त अभियोगों से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों **1.** अयुब पुत्र आलम, निवासी थाना जाजमऊ, जनपद कानपुर नगर

2. मोहम्मद राजा पुत्र अकरम, निवासी थाना कैण्ट, जनपद कानपुर नगर **3.** गुलफान उर्फ इरफान पुत्र पप्पू, निवासी थाना महाराजपुर, जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से थाना बिवांर के मुकदमों से सम्बन्धित 04 अदद जानवर (02 बकरे एवं 02 बकरियां), अन्य थानों के मुकदमों से सम्बन्धित ₹9,400/- नकद, घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन **Honda City** तथा अभियुक्तों के कब्जे से 03 मोबाइल फोन (02 एंड्रॉयड एवं 01 कीपैड) बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर दोनों

अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1.अयुब पुत्र आलम, उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी केडीए कॉलोनी, नई बस्ती, मदीना मस्जिद के पास, थाना जाजमऊ, जनपद कानपुर नगर।

2.मोहम्मद राजा पुत्र अकरम, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी झाड़ी बाबा पड़ाव, मजार के पास, माल रोड, थाना कैण्ट, जनपद कानपुर नगर।

3.गुलफान उर्फ इरफान पुत्र पप्पू, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी फुफहार राजथोक, चिश्ती नगर, तिरंगा चौराहा, मन्नू भाई के मकान में, थाना महाराजपुर, जनपद कानपुर नगर।

बरामदगी का विवरण-

- 04 अदद जानवर (02 बकरे एवं 02 बकरियां)
- ₹9,400/- नकद
- घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन (Honda City)
- 03 मोबाइल फोन (02 एंड्रॉयड एवं 01 कीपैड)

गिरफ्तारी का स्थान-

ग्राम विभूनी थाना बिवार हमीरपुर ।

पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रवीन्द्र
2. उ0नि0 जगत नारायण यादव
3. उ0नि0 मु0 सुल्तान
4. हे0का0 राजबहादुर
5. का0 अमृत गुप्ता
6. का0 रोहित कुमार